एसएलआरएम सेंटर की अव्यवस्था देख नाराज हुए आयुक्त, कचरा का प्रॉपर सेग्रीगेशन नहीं, सेंटर के पास सड़क पर ही पसर रहा गंदगी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कचरा के बेहतर निष्पादन के लिए एसएलआरएम सेंटर का निर्माण किया गया है। लेकिन जब निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे बैकुंठ धाम एसएलआरएम सेंटर पहुंचे वहां की गंदगी देख हैरान रह गए।आयुक्त ने पाया कि सेंटर के बाहर ही सड़क पर बेतरतीब कचरा पड़ा हुआ है साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए आने वाले रिक्शा के कचरे की गंदगी पूरी तरह से रोड पर फैली हुई है , चारों तरफ बदबू का आलम मिला। निगमायुक्त के सवालों का उपस्थित सफाई कर्मचारी भी सही तरीके से जवाब नहीं दे पा रहे थे , कचरे से खाद निर्माण की गतिविधियां मौके से गायब थी। जबकि मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ले के घरों से निकलने वाले गीले कचरे से खाद निर्माण तथा सूखे कचरे को उनकी उपयोगिता के आधार पर पृथक-पृथक किया जाना है। इसके साथ ही पॉलिथीन को बेलिंग मशीन की सहायता से कंप्रेस्ड कर बंडल के रूप में तब्दील करते हुए व्यवस्थित कर विक्रय किया जाना है। उन्होंने जोन क्षेत्र खुर्सीपार एवं वैशाली नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया। वहां भी कचरा पृथ्कीकरण की गतिविधियां इसी तरह से पाई गई। निगमायुक्त ने इन सभी को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते एसएलआरएम सेंटर में अव्यवस्था का आलम है। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि 1 सप्ताह के भीतर सभी एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था सुधार ले अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कचरा कलेक्शन से प्राप्त कचरा का बेहतर निष्पादन हो , इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी उन्होंने दिए है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद रहे।